भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद
कंदी, संगारेड्डी , तेलंगाना - 502284, भारत
वेबसाइट: www.iith.ac.in

**भर्ती अधिसूचना सं. एनएफ/18, दिनांक 09.07.2025**

**विषय: प्रतिनियुक्ति /अल्पकालिक अनुबंध आधार पर तकनीकी अधीक्षक – कंप्यूटर केंद्र के पद पर भर्ती – के संबंध में।**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद (IITH), जो भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है, केंद्र/राज्य सरकार के विभागों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, सरकारी अनुसंधान संस्थानों, विश्वविद्यालयों, उच्च प्रतिष्ठित सरकारी या निजी संगठनों के पात्र अधिकारियों से निम्नलिखित पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। यह नियुक्ति प्रारंभ में एक (1) वर्ष के लिए होगी, जिसे संस्थान की आवश्यकता और पदधारी के प्रदर्शन पर आधारित वार्षिक आधार पर अधिकतम तीन (3) वर्ष तक आगे बढ़ाया जा सकता है। इसके अलावा, प्रदर्शन की समीक्षा के आधार पर और संस्थान के नियमों और विनियमों के पालन के अधीन, चयनित उम्मीदवार को यथासमय आमेलन के लिए भी विचार किया जा सकता है।

**2. पद का विवरण:**

| पद सं. | पद का नाम | वेतन स्तर (7वें वेतन आयोग के अनुसार ) | आयु सीमा | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 18.1 | तकनीकी अधीक्षक -कंप्यूटर केंद्र | वेतन स्तर-08 | 40 वर्ष | 01 |

**पात्रता की शर्तें: आवश्यक योग्यताएं और अनुभव:**

**(a) शैक्षणिक योग्यता:**
किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कंप्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स में प्रथम श्रेणी में बी.ई./बी.टेक/एमसीए/एम.एससी.।

**(ख) अनुभव:**
**( i )** नियमित आधार पर समरूप पद धारण करना;

**या**

केंद्र/राज्य सरकारी संगठनों/स्वायत्त निकायों/सीएफटीआई/अनुसंधान संस्थानों/विश्वविद्यालयों या किसी प्रतिष्ठित निजी संगठन में न्यूनतम पाँच(5) वर्षों की नियमित सेवा के साथ।

**और**

**(ii)** निम्नलिखित में से किसी भी कार्यक्षेत्र में अनुभव: नेटवर्क प्रशासन और प्रबंधन (रूटिंग, स्विचिंग, वीएलएएन, आईपी एड्रेसिंग), कैंपस-व्यापी फाइबर, लैन और वाई-फाई इंफ्रास्ट्रक्चर का रखरखाव, नेटवर्क सुरक्षा, सिस्टम प्रशासन (लिनक्स / यूनिक्स और / या विंडोज सर्वर) और डेटा सेंटर गतिविधियाँ।

**नोट:** *कृपया ध्यान दें कि इस विज्ञापित पद के वर्तमान पदधारी को किसी अन्य संगठन में कार्यभार ग्रहण करने हेतु तकनीकी त्यागपत्र आधार पर कार्यमुक्त किया जा रहा है और उनका नए संगठन में परिवीक्षा अवधि पूरी होने तक या दो वर्ष की अवधि तक, जो भी पहले हो, IITH में पद पर ग्रहणाधिकार बना रहेगा। यदि ग्रहणाधिकार धारक ग्रहणाधिकार अवधि के दौरान IITH में वापस लौटता है, तो प्रतिनियुक्ति पर चयनित उम्मीदवार को उसके मूल संगठन में वापस भेज दिया जाएगा, और अल्पकालिक अनुबंध की स्थिति में, अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।*

**3. महत्वपूर्ण तिथियां:**

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन की शुरुआत** | **10 जुलाई 2025 , सुबह 9:00 बजे भा.मा.स.** |
| **ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि और समय** | **08 अगस्त 2025, 05:00 अपराह्न भा.मा.स.** |
| **आवेदन की हार्ड कॉपी प्राप्त करने की अंतिम तिथि** | **15 अगस्त 2025.** |

**4. आवेदन कैसे करें:**

पात्र अभ्यर्थी संस्थान के भर्ती पोर्टल https://iith.ac.in/careers/ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**4.1 केंद्र/राज्य सरकार के विभागों, स्वायत्त निकायों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सेवारत अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन की हार्ड कॉपी उचित माध्यम से निम्नलिखित के साथ भेजनी होगी:**
( i ) शैक्षिक योग्यता और अनुभव प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित प्रतियां।
(ii) पिछले पांच वर्षों की वार्षिक कार्य निष्पादन रिपोर्ट (एपीएआर) (या) सेवा के वर्षों की संख्या, जो भी लागू हो।
(iii) नियोक्ता द्वारा प्रमाण पत्र (अनुलग्नक-I)।

लिफाफे पर "प्रतिनियुक्ति के आधार पर तकनीकी अधीक्षक - कंप्यूटर केंद्र के पद के लिए आवेदन" लिखकर इस पते पर भेजें:

**मानव संसाधन अनुभाग, कमरा सं. 203, प्रशासनिक भवन**
**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद**
**कंदी, संगारेड्डी - 502284, तेलंगाना**

**4.2 निजी क्षेत्र/संविदा पदों के उम्मीदवारों को संबंधित सहायक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उन्हें हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता नहीं है।**

**5. सामान्य निर्देश:**

1. आवेदक को भारत का नागरिक होना चाहिए।
2. अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पहले यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते हैं ।
3. प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को अपने मूल कैडर में नियमित/स्थायी आधार पर पद धारण करना होगा।
4. आंतरिक (आईआईटीएच) उम्मीदवार इस प्रतिनियुक्ति पद के लिए पात्र नहीं हैं, क्योंकि प्रतिनियुक्ति में मूल कैडर के बाहर से स्थानांतरण शामिल है।
5. आयु सीमा, योग्यता और अनुभव निर्धारित करने की कट-ऑफ तिथि ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि होगी।
6. अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र (अनुलग्नक-I) अपलोड करना होगा, जिसके बिना आवेदन को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।
7. अपूर्ण आवेदनों या आवश्यक संलग्नकों के बिना प्राप्त आवेदन को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा।
8. चयन न्यूनतम निर्धारित योग्यता और अनुभव से अधिक योग्यता और अनुभव के आधार पर किया जाएगा। केवल पात्रता पूरी करने मात्र से ही उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का अधिकार नहीं मिल जाता।
9. संस्थान बिना कोई कारण बताए पद न भरने या किसी/सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
10. अनुभव प्रमाणपत्रों में पदनाम, कार्य की प्रकृति, सेवा अवधि और वेतन विवरण स्पष्ट रूप से उल्लिखित होना चाहिए। अनुभव प्रमाणपत्रों के बदले प्रस्ताव पत्र**(**ऑफ़र लेटर**)** या वेतन पर्ची **(**पे स्लिप**)** जैसे दस्तावेज़ स्वीकार नहीं किए जाएँगे।
11. भविष्य में सभी पत्राचार उम्मीदवार की पंजीकृत ईमेल आईडी के माध्यम से ही किए जाएँगे। किसी भी अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
12. संस्थान के पास लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित है।
13. अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय सभी मूल दस्तावेजों के साथ स्व-सत्यापित प्रतियों को प्रस्तुत करना होगा**।**
14. किसी भी रूप में सिफारिश करने पर अयोग्य करार दिए जा सकते हैं ।
15. इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई भी विवाद माननीय तेलंगाना उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा।
16. अद्यतन/शुद्धिपत्र/ परिशिष्ट (यदि कोई हो) तो केवल संस्थान की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएँगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें।
17. चयनित उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार संभवतः अगस्त 2025 के माह में आयोजित किए जाएंगे ।

**हस्ता/-**
**कुलसचिव**
**आईआईटी हैदराबाद**